# फेसलेस सेवाओं के विस्तारीकरण का लोकार्पण

दिनांक 30 सितंबर 2025 को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय  भोपाल में 'फेसलेस सेवाओं के विस्तारीकरण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत वाहन/सारथी की 50 फेसलेस सेवाओं का लोकार्पण माननीय श्री उदय प्रताप सिंह जी, मंत्री, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन, मध्य प्रदेश शासन द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री मनीष सिंह, परिवहन सचिव, श्री विवेक शर्मा, परिवहन आयुक्त तथा श्री कमलेश जोशी, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, एनआईसी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह जी ने कहा कि ऑनलाइन प्रणालियों के माध्यम से अब सरकारी कार्यप्रणालियों में तेजी, पारदर्शिता और जवाबदेही आई है। उन्होंने राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (NIC) के सहयोग और तकनीकी योगदान की सराहना करते हुए कहा कि "यह तो केवल आरंभ है, भविष्य में विभाग और एनआईसी मिलकर कई और परियोजनाओं का कंप्यूटरीकरण करेंगे।"

इस अवसर पर श्री मनीष सिंह, सचिव, परिवहन विभाग ने विभाग एवं एनआईसी के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सेवाओं को आमजन तक शीघ्रता से पहुँचाने हेतु किए गए परिश्रम के लिए बधाई दी। उन्होंने विभाग को जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु और अधिक दक्षता से कार्य करने का आह्वान किया।

श्री विवेक शर्मा, परिवहन आयुक्त ने बताया कि इन पोर्टलों के माध्यम से अब नागरिकों को 50 सेवाएँ पूर्णतः फेसलेस प्रक्रिया से उपलब्ध होंगी। उन्होंने फेसलेस सेवाओं के कार्यान्वयन के दौरान आई विभिन्न विभागीय एवं तकनीकी चुनौतियों का उल्लेख किया तथा एनआईसी की सक्रिय भूमिका एवं उत्कृष्ट तकनीकी सहयोग की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करते हुए श्री कमलेश जोशी, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, एनआईसी ने बताया कि 'वाहन' और 'सारथी' भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मार्गदर्शन में एनआईसी द्वारा विकसित राष्ट्रीय मिशन मोड परियोजनाएँ हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश एनआईसी की ग्वालियर और भोपाल टीम सहित परिवहन विभाग के सक्रिय तकनीकी प्रयासों की सराहना करते हुए एनआईसी वाहन टीम (दिल्ली) और सारथी टीम (हैदराबाद) का विशेष धन्यवाद किया।  अंत में, उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये सेवाएँ प्रदेश के नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी और 'फेसलेस सेवाओं' की दिशा में यह कदम डिजिटल भारत के सपने को साकार करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

*कार्यक्रम की झलकियाँ*











राकेश जैन
वैज्ञानिक – एफ एवं विभागाध्यक्ष (ई-ट्रांसपोर्ट) परियोजना
एनआईसी, भोपाल, म.प्र.

# Inauguration of Expansion of Faceless Services

On 30th September 2025, a programme on the *"Expansion of Faceless Services"* was organized at the Regional Transport Office, Bhopal, under which 50 faceless services related to *Vahan* and *Sarathi* were inaugurated by Hon'ble Shri Uday Pratap Singh, Minister for School Education and Transport, Government of Madhya Pradesh. On this occasion, Shri Manish Singh, Transport Secretary, Shri Vivek Sharma, Transport Commissioner, and Shri Kamlesh Joshi, State Informatics Officer, NIC, along with several other dignitaries, were present.

During the event, Hon'ble Minister Shri Uday Pratap Singh stated that online systems have brought speed, transparency, and accountability in government functioning. He appreciated the cooperation and technical contribution of the National Informatics Centre (NIC) and remarked that *"This is only the beginning; in the future, the Department and NIC will work together to computerize many more projects."*

On this occasion, Shri Manish Singh, Secretary, Transport Department, congratulated the officers and staff of the Department and NIC for their efforts in ensuring the timely delivery of services to citizens. He urged the department to continue working with greater efficiency for the quick redressal of public grievances.

Shri Vivek Sharma, Transport Commissioner, informed that through these portals, citizens will now be able to avail 50 services through a completely faceless process. He highlighted the various departmental and technical challenges faced during the implementation of these services and appreciated the active role and excellent technical support provided by NIC.

Representing the Ministry of Electronics and Information Technology, Government of India, Shri Kamlesh Joshi, State Informatics Officer, NIC, explained that *"Vahan"* and *"Sarathi"* are national-level Mission Mode Projects developed by NIC under the guidance of the Ministry of Road Transport and Highways, Government of India. He acknowledged the commendable technical efforts of the Madhya Pradesh NIC teams from Gwalior and Bhopal, along with the Transport Department, and expressed gratitude to the NIC Vahan Team (Delhi) and Sarathi Team (Hyderabad) for their valuable support.

In conclusion, he expressed confidence that these services will prove to be highly beneficial for the citizens of the state and that this step towards *Faceless Services* will become a significant milestone in realizing the vision of Digital India.

## Glimpses of the Event










**Rakesh Jain**
Scientist–F & Head of Department (e-Transport Project)
NIC, Bhopal, Madhya Pradesh